हरियाणा कृषि विकास मेला 2023 का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

8 अक्तूबर, 2023 को देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में तीनदिवसीय ‘हरियाणा कृषि विकास मेला’ का उद्घाटन किया। यह मेला 10 अक्तूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- विदित है कि हरियाणा सरकार किसानों को नई कृषि तकनीकों की जानकारी देने और किसानों के कृषि उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में ‘हरियाणा कृषि विकास मेला’ का आयोजन किया जा रहा है।
- तीनदिवसीय इस मेले में देश और विदेश से किसान, उद्यमी, कृषि वैज्ञानिक, शोधकर्त्ता, छात्र, राजनेता और अन्य हितधारक भाग ले रहे हैं।
- हरियाणा कृषि विकास मेले-2023 में किसानों को लकी ड्रॉ जीतने का मौका मिलेगा, प्रगतिशील किसान सम्मानित किये जाएंगे, कृषि संबंधी उपकरणों, तकनीकों, इनोवेशन की प्रदर्शनी की जाएगी।
- वैज्ञानिक श्रीअन्न की खेती संबंधी जानकारी देंगे तथा नए बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनें, यंत्र व उनकी कार्य प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। मेले में हरियाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-agricultural-development-fair-2023